## सार-समाचार

### 111733 किसानों ने करवाया पंजीकरण

**जालोर**, (कासं)। एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को सशक्त करने के उद्देश्य से जालोर जिले में ग्राम पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 111733 किसान अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। जिससे 11 अंकों की यूनिक आईडी मिली हैं। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं किसानों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए एग्रीस्टेक डिजिटल कल्चर इनिशिएटिव के तहत एग्रीस्टेक डिजिटल एग्रीकल्चर परियोजना शुरू की गई है। जिसमें किसानों को रजिस्ट्रेशन के उपरांत 11 अंको की यूनिक फार्मर आईडी मिलेगी। यूनिक आईडी के बिना किसानों को किसान सम्मान निधि व फसल बीमा आदि योजनाओं का लाभ मिल सकेगा साथ ही आईडी से बिना डॉक्यूमेंट किसानों को ऋण मिल भी सकेगा। उन्होंने बताया कि जालोर जिले में एग्रीस्टैक योजना के तहत ग्राम पंचायतवार आयोजित किए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में अब तक कुल 111733 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया हैं जिसमें आहोर में 11412, बागोड़ा में 12930, भाद्राजून में 7554, भीनमाल में 9839, चितलवाना में 6284, जालोर में 15506, जसवंतपुरा में 14043, रानीवाड़ा में 10340, सांचौर में 10339 व सायला उपखण्ड में 13486 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया हैं। एग्रीस्टैक योजना के तहत जालोर जिले में 10 से 12 मार्च तक जाखड़ी, करड़ा, कोड़का, कोटड़ा, जोधावास, काछेला, रणोदर, खिरोड़ी व टांपी ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा।

### जनजाति विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया

**आहोर**, ( निसं)। राजकीय जनजाति आवासीय विद्यालय माधोपुरा में विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त आयुक्त राजेश गोयल की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विशिष्ठ अतिथि डॉ जितेंद्र मेघवाल एवं भामाशाह चिमनाराम मीना पूर्व सरपंच मुलेवा, चुन्नीलाल मीना शंखवाली, बाबूलाल मीना पांचोटा, वगताराम मीना शंखवाली,जोराराम मीना सरपंच प्रतिनिधि बाला, महेंद्र राणा आहोर, मांगीलाल मीना उम्मेदपुर, कांति लाल मीना आराधना स्टूडियो जोडा,कालूराम मीना गिरवर, मोहन लाल मीना, गलबाराम, खेता राम, हीराराम आदी अतिथि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य तगाराम घांची एवं कार्यक्रम के संचालक छात्रावास अधीक्षक कपुराराम मीना नें बताया की इस अवसर पर विद्यायक नें बताया की छात्र गुणात्मक शिक्षा अर्जित कर परिवार व समाज में फैली सामाजिक बुराइयों को दूर कर सकते हैं व समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। इसी दौरान अतिरिक्त आयुक्त नें बताया कि जनजाति वर्ग के छात्रों मे योग्यता खूब हैं, उसको तराशने व मौका मिलने की आवश्यकता हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व अध्यक्ष महोदय द्वारा भामाशाह व प्रतिभा शाली छात्रों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया अतिथि के अलावा व समाज सेवी व पदाधिकारीगण अमृत देवासी हरियाली, किशोर सिंह, मोहन सिंह, सुरेंद्र मीणा सरपंच भाद्राजून, सुरताराम पांचोटा, रूपाराम मीना पांचोटा व स्टॉफ एवं सहयोग कर्ता पुखराज मीना, छगन लाल वीडियो, भूबाराम मीना, मांगीलाल मीना हरजी, सवाराम, शिल्पी आढा, अणदी मीना बालिका वार्डन, डंकेश्वर गर्ग आदी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण प्रिया मेवाडी हल्दीघाटी व स्थानीय विद्यालय के छात्रों व बालिका छात्रावास के बालिकाओं द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई

**जालोर**, (कासं)। राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास में हिन्दू युवा संगठन जालोर एवं समर्पण सेवा संस्थान सांचोर की ओर से सावित्री बाई फुले पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिन्दू युवा संगठन के सुरेश सोलंकी ने छात्राओं को सावित्री बाई फुले के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले थी। जिन्होंने संघर्षो से लडते हुए महिलाओं को सशक्तिकरण की ओर बढाया था। हेमेंद्र बगेडिया ने छात्राओं को सावित्री बाई फुले के पदचिन्हों पर चलकर आगे बढने की बात बताई। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी ने छात्राओं को बताया कि सावित्री बाई फूले ने महिलाओं एवं पिछडे वर्गो के कल्याण के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किया था। कालिका पेट्रोलिंग युनिक की महिला पुलिस प्रमिला पुनिया एवं कमला ने छात्रावास की बालिकाओं को महिला पुलिस की ओर से किये जा रहें कार्यो के बारे में जानकारी प्रदान की। समर्पण सेवा संस्थान अध्यक्ष उर्मिला दर्जी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद आभार प्रकट किया ओर छात्रावास की बालिकाओं को सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के अधिकारियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सुरेश सोलंकी , हेमेंद्र बगेडिया, समर्पण सेवा संस्थान अध्यक्ष उर्मिला दर्जी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी,महिला कांस्टेबल प्रमिला पुनिया,कमला जी, मनिषा कुमारी, पुजा,सिवणा दैवासी,नैतु कुमारी,तारा कुमारी, सहित कई छात्राएं उपस्थित रही।

### त्राटक कर्म का अभ्यास करवाया

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्व विद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर(वैद्य )प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ नेचुरोपैथी एंड यौगिक साइंसेज के परिसर में चल रहे यौगिक षट्कर्म शिविर के पांचवें दिन प्रभात वेला में सूर्य नारायण को अर्घ्य देकर मंत्रोच्चार के साथ सूर्य नमस्कार के 12 चक्रों का अभ्यास किया गया। तत्पश्चात समस्त छात्रों द्वारा जलनेति एवं सूत्रनेति का अभ्यास किया गया, सभी को नेत्र प्रक्षालन एवं कपालभाति के स्तरों का अभ्यासोपरान्त दृष्टि के लिए अतीव हितकारी त्राटक कर्म का अभ्यास करवाया गया।प्राचार्य डॉ चंद्रभान शर्मा ने बताया कि दृष्टि का सीधा प्रभाव साधक के चित्त पर पड़ता है। नियमित रूप से त्राटक का अभ्यास किया जाए तो चित्त की एकाग्रता बढ़ती है ,एकाठाचित्तता से पीनियल ठांथि के कार्य सम्यक प्रकार से होते हैं। स्मरण शक्ति एवं अनिद्रा में उपयोगी त्राटक कर्म द्वारा मन शांत होता है।आंतरिक उत्तेजनाएं नियंत्रित होकर लक्ष्य के प्रति सजकता एवं आत्मबल बढ़ाने में उपयोगी है। ध्यान की पृष्ठभूमि तैयार करता है "नेत्ररोगाः विनश्यन्ति दिव्य दृष्टि प्रजायते"महर्षि घेरण्ड के अनुसार त्राटक का अभ्यास करने से दृष्टिमांद्य इत्यादि नेत्र रोग नष्ट होकर दिव्य दृष्टि प्राप्त होती है।

### वडवज विद्यालय में 65 इंच की टीवी दी

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वडवज के प्रधानाध्यापक राजूनाथ सिद्ध ने बताया कि जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में कार्यक्रम अधिकारी रतिलाल प्रजापत ने सुजान सिंह वडवज ( उपसरपंच ग्राम पंचायत रायपुर) के प्रयासों से स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम बनाने के लिए करीब 1 लाख 5० हजार की लागत का 65 इंच का आईएफपीडी दिलवाया। राजुनाथ सिद्ध ने यह भी बताया कि तकनीकी के आधुनिक युग में इन उपकरणों की सार्थकता सिद्ध होगी। वहीं किसान नेता सुजान सिंह वडवज ने बताया कि प्रजापत साहब हर क्षेत्र का ध्यान रखते हैं ओर विधालय में जरूर के हिसाब से समय-समय पर भामाशाहों को भी प्रेरित करते हैं। जो रेवदर क्षेत्र के कइं विद्यालय में स्मार्ट टीवी सहित अन्य सामान दिलाते है। परियोजना समन्वयक अधिकारी रतिलाल प्रजापत निम्बज का रायपुर उप सरपंच व किसान नेता सुजान सिंह वडवज व ग्रामीणों सहित विद्यालय स्टाफ व छात्रों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। देवीसिंह , मोमता राम ,ईश्वर सिंह ,रामलाल सालवी, भरत कुमार ,सुरेश कुमार व ग्रामीण मौजूद रहे।

### 307 वाहनों की चैकिंग व फोटो मिलान

**जोधपुर**, (कासं)। पुलिस आयुक्तालय की तरफ से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वाहनों की निरतंर जांच जारी है। सांयकालीन एवं रात्रिकालीन गश्त में 307 संदिज्ध वाहनों की चैकिंग की गई और 162 संदिज्ध लोगों को राजकोप ऐप पर फोटो मिलान किया गया। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार आयुक्तालय क्षेत्र के जिला पूर्व एवं जिला पश्चिम में 307 संदिग्ध वाहन चेक किए गए तथा राजकोप ऐप पर कुल 162 संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान के साथ 62 संदिग्ध व्यक्तियों का पर्चा बी भरा गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 14 वाहन चालकों का 185 एमवीएक्ट के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही10 बंपर लगे वाहनों, 05 बिना नंबरी वाहनों, 15 काला शीशा लगे वाहनों, खतरनाक तरीके चलाने वाले 04 चालकों, रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले 1 चालक के विरूद्ध एमवी एक्ट में कार्रवाई की गई।

# भाईचारा एवं सौहार्द की परंपरा को बनाये रखें : डॉ. गावंडे

**जालोर**, (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए जिला स्तरीय शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित कर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारा व सौहार्द से मनाने के लिए सदस्यों से सुझाव मांगे।

जालोर जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाये रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि जालोर जिले में आपसी प्रेम एवं भाईचारा की परंपरा की तरह ही आगामी आने वाले त्योहारों को भी सौहार्दपूर्ण रूप से मनाते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिले में मेलों व त्योहारों में चली आ रही भाईचारा व सौहार्द की परंपरा को बनाये रखें। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने जिले में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों एवं कार्यक्रमों पर जानकारी लेते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के समुचित प्रबंधन किये जाने की बात कही।



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के .गावंडे ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आपसी प्रेम व भाईचारा बनाये रखने के लिए शांति समिति के सदस्य तथा समाज के प्रबुद्धजन त्योहारों में आपसी सहभागिता निभाते हुए आपसी समरसता का संदेश दें। उन्होंने यातायात व कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने आमजन को सोशल मीडिया पर अफवाहों व भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहते हुए इसकी सूचना पुलिस विभाग को देने की अपील की। बैठक में उचित पार्किंग व्यवस्था, रात्रिकालीन गश्त, आवारा पशुओं की धरपकड़, राज कॉप एप की सहायता से संदिग्ध व्यक्तियों का पुलिस वैरिफिकेशन करवाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, रवि सोलंकी, दिलीप सोलंकी, प्रवीण खण्डेलवाल, तरूण सोलंकी, नैनाराम माली, शंकरसिंह बगेड़िया, मुराद खां सिवणा, लालचन्द सोलंकी, उम्मेदसिंह राठौड़, मांगीलाल भील, प्रेमसिंह, सांवलाराम, अम्बालाल माली, जवानमल सुथार, नवाब खां, मोहनलाल घांची सहित शांति समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंगश्यामजी मंदिर में भीड़ उमड़ने से मुख्य गेट बंद किया, महिलाएं हुई परेशान

जोधपुर, (कासं)। शहर के मंदिरों में इन दिनों फाग उत्सव चरम पर है। प्रमुख मंदिरों में फाग और होरिया उत्सवों का आयोजन चल रहा है। मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पड़ रही है। रविवार को भीतरी शहर के गंगश्याम जी मंदिर में काफी भीड़भाड़ होने पर एक बारगी अव्यस्थाएं पसर गई। आयोजन को लेकर कल पुलिस का माकू ल बंदोबस्त भी नहीं था। जिस वजह से महिला श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

आज सोमवार होने के साथ गंगश्याम जी मंदिर में सुबह से ही महिलाओं के आने का क्रम शुरू हो गया। मगर कल हुई अव्यवस्थाओं को देखते हुए आज मंदिर के मुख्य गेट पर ताला चस्पा कर दिया गया, जिससे महिलाएं काफी परेशान हुई। मुख्य गेट नहीं खुलने पर महिलाओं ने अपना रोष तक जताया। मंदिर के बाहर गेट पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया।

मंदिर प्रशासकों का कहना था कि गेट शाम सात बजे खोले जाएंगे। जिससे भी महिलाएं बिफर गई। वे यहां काफी दूर दूर से ऑटो किराया देकर आई थी, मगर उन्हें निराशा हाथ लगी। जब मंदिर के गेट नहीं खुलते देखे तो कई महिआओं ने गेट के बाहर ही पुलिस के सामने होरियां और फाग गाना शुरू कर दिया। फिलहाल गेट के बाहर पुलिस का जाब्ता तैनात है। बता दें कि प्रतिवर्ष यहां मंदिर में महिला श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है।

# पीपा क्षत्रिय समाज का होली स्नेह मिलन 16 को

**जोधपुर**, (कासं)। श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज, विद्यानगर जोधपुर की ओर से 16 मार्च रविवार को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होगा।

समाज के अध्यक्ष पार्षद भीमराज राखेचा ने बताया है कि रविवार 16 मार्च को स्थानीय समाज भवन विद्यानगर जोधपुर में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए होली स्नेह मिलन का आयोजन उमंग व उत्साह के साथ किया जाएगा।

सचिव एडवोकेट प्रकाश पंवार ने बताया कि इस आयोजन में सुबह 9:30 बजे से पुरुषों के लिए स्नेह मिलन का आयोजन रखा गया है।तत्पश्चात दोपहर 01 से 04 बजे तक समाज की महिलाओं और बालिकाओं के लिए फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के वरिष्ठ समाज सेवी एवं महिलाओं की व्यापक स्तर पर उपस्थित रहेगी।

इस दौरान पुरुषों एवं महिलाओं के अनेक प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। होली स्नेह मिलन समारोह में फूल व अमीर गुलाल से होली, इत्र वर्षा, गैर गायन, होली गायन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

होली स्नेह मिलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकारिणी की ओर से बैठके निरंतर की जा रही है।

सत्यनारायण दहिया, हनुमान चावड़ा, विजय कुमार जी तंवर ,कमल किशोर गोयल,शिवलाल राखेचा,शैतान दहिया, मूलचंद दाहिया,राजेंद्र प्रसाद सोलंकी ,जगदीश तंवर (डेरिया), दीपाराम चौहान,मनोज दहिया, धेवरचन्द्र राखेचा, भीमराज चावड़ा, ओम प्रकाश तंवर, गजेंद्र चौहान, मांगीलाल दहिया , राहुल चावड़ा , नरपत गोयल, संपत राज राखेचा,राहुल सोलंकी डूंगर चंद दैया , राधेश्याम गोयल, किशन चावड़ा,विजय कुमार तंवर, गणेश दहिया सहित महिला कार्यकर्ता तैयारियां में जुटे हुए है।

# अनुबंध वृद्धाश्रम में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ



अनुबंध वृद्धाश्रम निम्बा निंबड़ी मंडोर रोड जोधपुर में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया।

**जोधपुर**, (नि.सं.)। 23 वर्षो से सेवा की मिसाल निम्बा निंबडी मंडोर रोड पर खूबसूरत प्राकृतिक परिवेश की गोद में करुणामयी अनुबंध वृद्धाश्रम में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया।

अनुराधा व नरेन्द्र आडवाणी ने बताया कि उर्मिला व मुकेश चौहान के ठ्ठुप ने होली के पावन पर्व पर दादा दादी के साथ गुलाल से होली मनाई। दादा दादी के साथ रंग बरसे पुराने गीतों पर आनंद लियां साथ ही चंग बजाते ग्रुप जगन्नाथ सिंह,सुभाष, ब्रह्म ने गैर नृत्य किया। साथ ही सभी कृष्ण भजन व फागण के गीतों पर दादा दादी के साथ झूमे। इस सेलिब्रेशन में अरविन्द कच्छवाह, कैलाश मेघवाल, उदाराम, बबलू निबड़िया, ऋतिक, अनिल दादा दादी के साथ खूब होली स्नेह मिलन का आनन्द लिया। 25 नवंबर, 2002 को स्थापित अनुबंध वृद्धजन कुटीर संस्था में अनेक बेसहारा, बेघर और परिवारों द्वारा परित्यक्त वृद्ध जनों को अपनत्व के साथ अपना कर उनके एकाकीपन को दूर किया गया है।

**पाली संवाददाता के अनुसार** : भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर रविवार को रामदेव रोड चादर बालाजी स्थित अग्रसेन वाटिका में हिन्दू महोत्सव समिति के तत्वाधान में बैठक हुई। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र के जन्मोत्सव पर शहर में भव्य विराट शोभायात्रा हिन्दू महोत्सव समिति के द्वारा निकाली जाएगी। बजरंग दल राजस्थान क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत ने रामनवमी शोभायात्रा की प्रस्थावना रखी। मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त मंत्री परमेश्वर जोशी ने सम्बोधित किया।

## जोधपुर के भीतरी शहर में पुलिस ने रूट मार्च किया

**जोधपुर**, (कासं)। आगामी त्योहार होली और रमजान महिने को देखते हुए पुलिस ने अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज सुबह भीतरी शहर में रूट मार्च निकाला।

पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एडीसीपी सुनील के.पंवार, एसीपी वृत केंद्रीय मंगलेश चूण्डावत सहित 150 अधिकारियों व जवानों द्वारा रूट मार्च निकाला गया। पुलिस का रूट मार्च मेड़ती गेट पुलिस चौकी से रवाना होकर हाथीराम का ओडा, घंटाघर प्याऊ से अचलनाथ मंदिर, सिटी पुलिस तिराहा, राखी हाउस, सराफा बाजार से आडा बाजार से होते हुए कुम्हारियां कुआं, एक मीनार मस्जिद, बालवाड़ी से होते हुए जालोरी गेट चौराहा पहुंच कर संपन्न हुआ। रूट मार्च से आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय तथा आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने के लिए जन-संदेश दिया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष पर दें।

# पूर्व सांसद मूलचंद डागा की पुण्यतिथि मनाई

**पाली**, (नि.सं.)। पाली के पूर्व सांसद स्वर्गीय मूलचंद डागा की 37 वीं पुण्यतिथि सोमवार को पुराना बस स्टेण्ड स्थित डागा सर्किल पर कांग्रेसजनों द्वारा डागा की प्रतिमा पर माला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम संयोजक पुलकित चंडालिया ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सभापति मांगीलाल गांधी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, महावीरसिंह सुकरलाई, सम्पतराज भण्डारी, एडवोकेट मुरलीमनोहर बोड़ा, मदनसिंह जागरवाल, प्रकाश मुथा, केतन चंडालिया दिनेश दवे, राजेश बलाई, जीवराज बोराणा, मांगु सिंह दुदावत, नरेन्द्र डागा, आमीन अली रंगरेज, कलीम अख्तर, विजय जोशी, प्रकाश पटेल, गणपत पटेल, मांगीलाल मेघवाल, एडवोकेट अनुराग डागा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. डागा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंच का संचालन मांगूसिंह दूदावत ने किया

इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने कहा कि स्व. डागा सच्चे, नेक और कर्मठ तथा पाली जिले की जनता के हित में अपना पूरा जीवन समर्पण कर छत्तीसी कौम के नेता कहलाते थे। उन्होंने अपने जीवन में प्रत्येक गरीब की सहायता उनकी प्रथम प्राथमिकता थी। पाली की जनता स्व. डागा को कभी नहीं भूल सकती। अन्त में केतन चंडालिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हनवन्त राजपूत हॉस्टल में खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार बांटे

**जोधपुर**, (का.सं.)। श्री हनवन्त एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में श्री हनवन्त राजपूत हॉस्टल में युवराज शिवराज सिंह के 50 वें जन्मोत्सव के तहत आयोजित इंटर ब्लॉक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पाली विक्रम सिंह भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रतियोगिता का युग है, छात्र कड़ी मेहनत करके अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि छात्रावास में रहकर की गई कुछ सालों की पढ़ाई उनके भविष्य का निर्धारण करेगी। उन्होंने कहा कि छात्र लक्ष्य बनाकर सुव्यवस्थित तरीके से अध्ययन करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वह स्वयं इस छात्रावास में रहे और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी विचारधारा के अनुसार स्वयं कार्य करें दूसरों की विचारधाराओं से प्रभावित नहीं हो।उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के मार्गदर्शन को हमेशा ध्यान में रखें।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं विधि के छात्र रहे, किसी भी छात्र को इस संबंध में कोई भी मार्गदर्शन उनसे लेना हो तो वह सदैव उपलब्ध रहेंगे। छात्रावास परिसर में वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने छात्रावास में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं आयोजन को भी बेहतर बताया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए श्री हनवन्त एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड़ ने कहा कि छात्रावास की कार्यकारिणी का लक्ष्य छात्रों का चहुमुखी विकास और उनका उचित मार्गदर्शन करना रहता। छात्रावास में बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए वर्तमान में एक लाइब्रेरी स संचालित हो रही है



हनवन्त राजपूत हॉस्टल जोधपुर में युवराज शिवराज सिंह के 50 वें जन्मोत्सव के तहत आयोजित इंटर ब्लॉक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।

और इसके साथ ही एक लाइब्रेरी व एक ई लाइब्रेरी का कार्य भी शीघ्र पूरा हो जाएगा , जो शीघ्र शुरू हो जाएगी। उनका कहा कि खेलकूद गतिविधियों का भी यहा बेहतर तरीके से आयोजन हो रहा है जो एक अच्छी बात है। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दी।

समारोह को विशिष्ट अतिथि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय बॉटनी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञान सिंह शेखावत व कुंभ सिंह भाटी ने भी संबोधित किया। प्रारम्भ में स्वागत उद्बोधन कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ युद्धवीर सिंह राठौड़ ने दिया। कार्यकारिणी के सचिव राजेन्द्र सिंह लीलियाँ ने आभार व्यक्त किया।

समारोह में कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष रामचंद्र सिंह जोधा , कार्यकारिणी सदस्य दौलत सिंह नीमला, रणवीर सिंह चौहान , शिवमंगल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष कान सिंह राठौड़ ने खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भागीरथ सिंह भाटी ने किया।

इस अवसर पर लॉन्ग जंप में तखत सिंह प्रथम ,दिनेश पाल सिंह द्वितीय व जालम सिंह तृतीय, हाई जंप में गजराज सिंह जोधा प्रथम, ।। दिनेश पाल सिंह द्वितीय तखत सिंह तृतीय ,शॉर्ट फुट में देवेंद्र सिंह प्रथम, बलवीर सिंह द्वितीय व शैतान सिंह तृतीय, जैवलिन थ्रो में हनुमान सिंह प्रथम, देवेंद्र सिंह द्वितीय ,स्वरूप सिंह तृतीय एवं डिसकस थ्रो में देवेंद्र सिंह प्रथम, गजराज जोधा द्वितीय व शैतान सिंह तृतीय को मेडल प्रदान किए गए।

क्रिकेट प्रतियोगिता में राज भंवर सिराज देव ब्लॉक की टीम प्रथम व युवराज शिवराज सिंह ब्लॉक द्वितीय, वॉलीबॉल में कॉलेज ब्लॉक ए की टीम प्रथम व बोर्डिंग हाउस - ओल्ड मैस - ओल्ड गेस्ट हाउस ब्लॉक की टीम द्वितीय , फुटबॉल में राज भंवर सिराज देव ब्लॉक टीम प्रथम व बोर्डिंग - ओल्डमैस- ओल्ड गेस्ट हाऊस ब्लॉक टीम द्वितीय , बास्केटबॉल में हनवन्त ए प्रथम व हनवन्त बी द्वितीय एवं कबड्डी में युवराज शिवराज सिंह ब्लॉक की टीम प्रथम व कॉलेज ब्लॉक बी की टीम द्वितीय रही। अतिथियों ने विक्रेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफियां प्रदान की। कोषाध्यक्ष रामचंद्र सिंह जोधा द्वारा फिजिकल कॉलेज के खेलकूद प्रतियोगिता में सेवा देने वाले तकनीकी अधिकारियों को टी शर्ट प्रदान किए गए। अतिथियों को डॉ शिव सिंह राठौड़ द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर ऑफिस सुपरीटेंडेंट नरेंद्र सिंह चांपावत ,वार्डन मदन सिंह, नाथू सिंह व मनोहर सिंह ने भी सेवाएं दी।

# जे.डी.ए. आयुक्त उत्साह चौधरी ने कार्यकारी समिति की बैठक ली

**जोधपुर**, (का.सं.)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जेडीए सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपसचिव कंचन राठौड़, उपायुक्त जेडीए रामजी भाई कलबी, जयपाल सिंह राठौड़, अदिति पुरोहित, दिनेश कुमार मीणा, निदेशक विधि जगदीश कुमार, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक वित्त मंजीत चारण, उपायुक्त नगर निगम ताराचन्द, एसीपी यातायात पुलिस गुमानाराम, एएसपी जोधपुर ग्रामीण पुलिस भोपालसिंह, एसई डिस्कॉम एमएम सिंघवी, एसई पीडब्ल्यूडी संजय माथुर, एसई नगर निगम दक्षिण राहुल गुप्ता, एसई पीएचईडी राजेन्द्र मेहता, उपनिदेशक आरएसआरटीसी श्रवण दाधीच सहित जेडीए एवं विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में प्राधिकरण रिकॉर्ड के स्कैनिंग एवं डिजिटलाईजेशन कार्य हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव, राजस्व ग्राम चौखा के प्रस्तावित आवासीय योजना से संबंधित प्रस्ताव, राजस्व ग्राम उजलिया में उजलिया फार्म हाउस स्कीम से संबंधित प्रस्ताव, जोजरी नदी के जीर्णोद्धार एवं प्रदूषण निवारण कार्य हेतु नेशनल रिवर कन्जर्वेशन प्लान के तहत् राज्य सरकार के 40 प्रतिशत अंशदान राशि की स्वीकृति के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में नहर चौराहा मुख्य पाल रोड़ पर प्रस्तावित फ्लाईओवर हेतु यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य के प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव, दाउजी की होटल चौराहा एम्स सालावास रोड जंक्शन पर फ्लाईओवर की डीपीआर बनाने हेतु कन्सलटेंसी कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव, अन्तर्राष्टीय स्तर के ऑडिटोरियम एवं कल्चरल सेंटर के इंटीरियर, फर्नीशिंग एवं अन्य विकास कार्यों की समयावधि बढ़ाने के प्रस्ताव, शहर विधानसभा क्षेत्र में सीमेन्ट सड़क एवं इन्टरलॉकिंग टाईल्स लगाना व नवीनीकरण कार्य हेतु वार्षिक अनुबंध की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव एवं बाईजी के तालाब के कन्जवेशन, ब्यूटीफिकेशन एवं डवलपमेंट से संबंधित प्रस्ताव सहित कुल 27 प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

# फाग महोत्सव आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। नगर निगम दक्षिण की ओर से नेहरू पार्क में पहली बार आयोजित हुए फाग महोत्सव में नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी, पार्षद एवं महिलाओं ने जमकर लुत्फ उठाया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। नेहरू पार्क में आयोजित इस फाग महोत्सव का महापौर दक्षिण वनिता सेठ और आयुक्त दक्षिण सिद्धार्थ पालानीचामी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इसके बाद महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। फाग महोत्सव में मेहंदी प्रतियोगिता, फाग ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता और काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।